

राजधानी में गुरुवार को करुणाधाम आश्रम में पीठाधीश्वर गुरुदेव सुदेश शांडिल्य महाराज के सानिध्य में चल रहा तीन दिवसीय श्री राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ।

# नौसेना के लिए विकसित की जाएगी प्रौद्योगिकी

भोपाल (काप्र)।

**नौसेना (नेवी) के रियर एडमिरल इकबाल सिंह ग्रेवाल एवं उनकी टीम ने मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में विजिट किया। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य मेपकास्ट के माध्यम से डिफेन्स इनोवेशन एंड डेवलपमेंट विंग की स्थापना था।**



इस दौरान मेपकास्ट ने इस विंग की स्थापना के लिए अपना प्रस्तुतीकरण दिया। मेपकास्ट के वैज्ञानिकों, सलाहकारों एवं नौसेना के अधिकारियों के बीच बैठक के दौरान संयुक्त रूप से किये जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। इन क्षेत्रों को लेकर डिफेन्स इनोवेशन एंड डेवलपमेंट विंग की स्थापना मेपकास्ट में की जाएगी - ए आई, मशीन लर्निंग लैब, सॉफ्टवेर आधारित तकनीकों, रोबोटिक्स, हाई एलटीट्यूड ड्रोन, स्टार्ट अप एवं इन्क्यूबेशन, डाटा सिक्यूरिटी, रिमोट सेंसिंग एंड जी आई एस, रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब टैलेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम और इंडस्ट्री इंगेजमेंट प्रोग्राम, कोलेबोरेशन प्रोग्राम। इस विंग से रक्षा नवाचारों को प्रोत्साहन मिलेगा और उद्योगों एवं सेना के बीच सामंजस्य बढ़ेगा।

इस अवसर पर मेपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि मेपकास्ट में डिफेन्स इनोवेशन एंड डेवलपमेंट विंग की स्थापना से स्वदेशी अनुसंधान और विकास को बढ़ावा मिलेगा साथ ही प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और ज्ञान विनिमय को सुविधाजनक बनाते हुए आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार सृजन और प्रतिभा विकास की संभावनाओं को बल मिलेगा।

# कोई जागरूक ग्राहक अपने आपको अकेला न समझे : निलेश

भोपाल (काप्र)।

**अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत भोपाल के ग्राहक मार्गदर्शन केन्द्र पर शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें एमपी नगर जोन-2 में स्थित भारत पेट्रोलियम के पम्प पर ग्राहक के साथ के साथ ठगी की गई थी।**

ग्राहक द्वारा विरोध प्रकट करने पर पेट्रोल पम्प पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा ग्राहक को घेर कर धक्का मुक्की और गाली-गलौच शुरू कर दी गई थी। कर्मचारियों द्वारा स्वयं को पीडित प्रकट करने के लिए मोबाइलों से वीडियो बनाने शुरू कर दिया था। ग्राहक ने अपना वाहन वहीं छोडकर भाग कर अपनी जान बचाई थी। उक्त शिकायत पर ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा और विचार विमर्श हुआ। उसमें यह निर्णय लिया गया कि ग्राहकों के साथ इस प्रकार का व्यवहार किसी भी रूप में स्वीकार नहीं होना चाहिए। पेट्रोलियम आवश्यक सेवा है, उस पर संगठित होकर ग्राहक को भयाक्रांत कर और मारपीट कर की शोषण के विरूद्व आवाज को दवाने का कोई भी हथकंडा सफल नहीं होना चाहिए, अन्यथा समाज के सामने बडा संकट खडा हो जाएगा। इसके परिणाम स्वरूप प्रशासन का ध्यान इस नए ट्रेंड की ओर आकर्षित करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु जिला कलेक्टर और पुलिस कमिश्नर को अवगत कराने और आवश्यक जांच और कठोर कार्रवाई के लिए अनुरोध करने का निर्णय लिया गया था। आज ग्राहक पंचायत का प्रतिनिधि मंडल निलेश कुमार श्रीवास्तव,सुरेन्द्र रघुवंशी,आशीष सिंगोर के नेतृत्व में भोपाल कलेक्टर से मिला और ग्राहक संरक्षण की बात रखी। कलेक्टर द्वारा ग्राहक हित संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए तत्काल उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की गई और जांच तथा कार्रवाई का निर्देश जारी किए।

प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस आयुक्त से भी मुलाकात की और उन्हें वास्तुस्थिति से अवगत कराया। पुलिस आयुक्त ने प्रकरण की गंभीरता पूर्वक जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# दिव्य एडवांस्ड क्लीनिक द्वारा आवाज के रखरखाव पर व्याख्यान कल

भोपाल (काप्र)।

राजधानी के सुविख्यात दिव्य एडवांस्ड क्लीनिक द्वारा अपनी दसवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'मेरी आवाज ही पहचान है' थीम पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. सत्यप्रकाश दुबे ने बताया कि क्लीनिक की दसवीं वर्षगांठ के इस विशेष समारोह में त्रिवेंद्रम के मशहूर स्वरयंत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जयकुमार मेनन का व्याख्यान होगा। इसमें डॉ. मेनन आवाज के रखरखाव, वोकल हायजीन और आवाज के उपचार पर व्याख्यान देंगे। यह व्याख्यान उन लोगों के लिए खासतौर से महत्वपूर्ण है जिनकी आवाज ही आजीविका है। जैसे नेता, अभिनेता, गायक, रेडियो जॉकी, न्यूज एंकर, टीचर, आवाज लगाने वाले आदि। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं विशिष्ट अतिथि सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग होंगे। कार्यक्रम 27 जुलाई शनिवार को अपरान्ह 4 बजे से समन्वय भवन न्यू मार्केट में होगा।

कचरा ट्रांसफर स्टेशनों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले...

# वाहन चालक, सहायक एवं सफाई मित्र सम्मानित

**भोपाल( काप्र )।** नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने निगम द्वारा संचालित कचरा ट्रांसफर स्टेशनों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले वाहन चालकों, सहायकों तथा सफाई मित्रों को शॉल, श्रीफल एवं मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री नारायन ने कहा कि सफाई मित्र अपने एवं अपने परिवार के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें और सफाई कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। इस दौरान सम्मानित वाहन चालकों, सफाई मित्रों ने अपने कार्यों के विषय में भी जानकारी दी। इस अवसर पर अपर आयुक्त सुश्री टीना यादव, उपायुक्त योगेन्द्र सिंह पटेल सहित अन्य अधिकारी व सफाई मित्र, वाहन चालक व सहायकगण मौजूद थे। श्री नारायन ने आरिफनगर ट्रांसफर स्टेशन में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में आरिफनगर एवं ईदगाह हिल्स कचरा ट्रांसफर स्टेशनों से संलग्न ऐसे वाहन चालक, सहायक व सफाई मित्र जिन्होंने अपने वाहन के रूट पूरी तरह से कवर करते हुए निर्धारित ट्रिप संख्या अनुसार कचरा ट्रांसफर स्टेशन तक पृथक्कीकृत कचरा पहुंचाया और बेहतर साफ-सफाई रखी, को शॉल-श्रीफल, पुष्प हार एवं मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया।



# स्कूल शिक्षा विभाग के कॅरियर पोर्टल पर उपलब्ध है महत्वपूर्ण जानकारियाँ

**भोपाल( काप्र )।** स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश में स्कूल जाने वाले विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार कॅरियर विकल्पों का चयन करने के लिये कॅरियर पोर्टल तैयार किया है। पोर्टल पर 500 से अधिक कॅरियर संबंधी, 7 हजार 500 से अधिक कॉलेज, 1000 से अधिक प्रवेश परीक्षाएँ और 750 से अधिक छात्रवृत्तियों की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इससे विद्यार्थी अपनी पसंद का ऑप्शन चुन सकते है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षिक एवं कॅरियर के विकल्पों के चयन के लिये कॅरियर कांउन्सिलिंग के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था आईसीएस लखनऊ के साथ अनुबंध किया है। इस अनुबंध के आधार पर प्रदेश के समस्त विद्यालयों में कॅरियर कांउन्सिलिंग कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। कांउन्सिलिंग एवं गाईडेन्स से संबंधित कौशल विकास के लिये 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित भी किया जा चुका है। इस कार्यक्रम के लिये प्रत्येक जिले से 2-2 शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में चुना गया है और उन्हें आईसीएस पोर्टल और एप के उपयोग संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण दिलाया गया है।

**व्यवासयिक पाठ्यक्रम के वोकेशनल ट्रेनर को प्रशिक्षण:** राज्य स्तर पर प्रशिक्षत मास्टर ट्रेनर द्वारा विद्यालय में संचालित व्यवासयिक पाठ्यक्रम वोकेशनल ट्रेनर को प्रशिक्षण दिलाया गया है। व्यवासयिक शिक्षा के अतंर्गत एम्पलॉयबिलिटी के लिये आवश्यक हॉर्ड-सॉफ्ट स्किल के विकास की जानकारी, आईसीएस कॅरियर जीपीएस मोबाईल एप पर पंजीयन के बाद विद्यार्थियों को उनकी रूचि और एप्टीट्यूट के अनुसार कॅरियर से संबंधित विकल्पों की जानकारी दी गई।

# पेज एक से जारी खबरों के शेष...

## मोदी सरकार पर...

कहा। बिट्टू ने कहा, ''इन्होंने (चन्नी ने) मेरा नाम लिया। मेरे दादा सरदार बेअंत सिंह ने कुर्बानी देश के लिए दी थी, कांग्रेस के लिए नहीं दी थी।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''चन्नी अपने भाषण में गरीबी की बात कर रहे हैं, लेकिन सारे पंजाब में अगर ये सबसे अमीर और सबसे भ्रष्ट आदमी नहीं हुए तो मैं अपना नाम बदल दूंगा। एक बार के स्थगन के बाद जब कार्यवाही अपरान्ह दो बजे आरंभ हुई तो रक्षा मंत्री और सदन के उपनेता राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों तरफ के सदस्यों के भाषणों को देखा जाए और जो भी असंसदीय है उसे कार्यवाही से हटा दिया जाए। बिरला ने केंद्रीय मंत्री बिट्टू की टिप्पणी की पृष्ठभूमि में कहा, ''कोई भी सदस्य और मंत्री जी विशेष रूप से सदन की गरिमा को कम नहीं करें। सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) किसी वित्तीय संकट का सामना नहीं कर रहा और उसने टोल राजस्व आदि के माध्यम से अपने ऋण को चुकाने की योजना बनाई है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में माला राय के प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। लोकसभा के कुछ सदस्यों द्वारा बृहस्पतिवार को अधिक हवाई किराये का मुद्दा उठाए जाने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू से कहा कि वह इसकी जांच कराएं क्योंकि पैसा संसद से जाता है जो चिंता की बात है। नायडू ने कहा कि वह इस शिकायत की जांच कराएंगे। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने गुरुवार को खालिस्तानी आतंकवादी अमृतपाल सिंह की वकालत की, जो राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत असम के डिब्रूगढ़ जिले में बंद है।अमृतपाल सिंह के लिए वकालत करते हुए चन्नी ने कहा कि वे हर दिन आपातकाल के बारे में बोलते हैं। लेकिन आज देश में अघोषित आपातकाल के बारे में क्या?

**राज्यसभा की कार्यवाही:** सभापति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि हमारे पास रहने के लिए एक ही ग्रह (पृथ्वी) है और दूसरा ग्रह नहीं है। उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान ग्रीन इंडिया मिशन को लेकर पूछे गए पूरक प्रश्नों के जवाब के दौरान सभापति धनखड़ ने कहा ''हमारे पास एक ही ग्रह 'पृथ्वी' है और दूसरा ग्रह नहीं है। राज्यसभा में बृहस्पतिवार को कांग्रेस के रणदीप सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार किसानों के प्रति बदले की भावना से काम कर रही है क्योंकि उसे लगता है कि इस वर्ग के कारण उसे आम चुनाव में स्पष्ट बहुमत नहीं मिल पाया तथा किसानों से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की राशि को पूरी तरह से खर्च भी नहीं किया जा रहा है।

## पुणे में भारी...

गया। मृतक की पहचान मुलशी निवासी शिवाजी भैरत के रूप में हुई, जबकि गोंदिया निवासी जितेंद्र जम्भुरपाणे, जो वर्तमान में मुलशी में रह रहे हैं, घायल हो गए। लवासा शहर के पास, दासवे गांव के तीन लोग मिट्टी के धंसने के बाद फंस गए, जिसमें दो विला दब गए। स्थानीय पुलिस और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमों ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। पुणे के जिला कलेक्टर सुहास दिवसे ने कहा, अभी तक, चार लोगों के मारे जाने की सूचना मिली है, जिनमें से तीन बिजली के झटके से और एक भूस्खलन से। इसके अलावा, मिट्टी के धंसने के बाद लवासा शहर में तीन लोग फंसे हुए हैं। हमारी टीमें तैनात हैं और बचाव अभियान जारी है। दिवसे ने पुणे और आसपास के इलाकों में भारी बारिश के कारण निवासियों से घर के अंदर रहने का आग्रह किया। खड़कवासला बांध से पानी छोड़े जाने के कारण, इसके जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के कारण, मुथा नदी और आसपास के निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है।

## सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ...

तक है। उन्होंने कहा,इन सुधारों का अंतर्निहित उद्देश्य युद्ध दक्षता में सुधार करना और सशस्त्र बलों को हर समय लड़ाई के लिए तैयार रखना है। हमें पुरानी प्रथाओं को छोड़ने और नई प्रथाओं को अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए। सुधारों के आकार और रूपरेखा में भारतीय परिवेश और चुनौतियों की विशिष्टता को प्रतिबिंबित करना चाहिए। सीडीएस ने देशवासियों को आश्वस्त किया कि सशस्त्र बल नई ऊर्जा से उत्साहित हैं क्योंकि राष्ट्र अमृतकाल में कदम रख रहा है और भारत को 'विकसित भारत' बनाने के लिए देश के बाकी हिस्सों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## कारगिल विजय दिवस...

करते हैं। कारगिल युद्ध बहुत ही कठिन माहौल में लड़ा गया युद्ध था। पाकिस्तान ने सीधा हमला नहीं किया बल्कि चोरों की तरह कारगिल में आकर डेरा डाल दिया। हमारे जवानों ने कठिन माहौल में युद्ध लड़ा। नड्डा ने कहा कि हम कल उन वीर सपूतों को याद करेंगे जिनके शौर्य और बलिदान के कारण कारगिल विजय हुई और जो पाकिस्तान ने भारत पर कुत्सित निगाहें डाली थी, उनके इरादे को हमारे जवानों ने चकनाचूर करने का काम किया। हमारे सैनिकों ने देश के लिए जो साहस और बलिदान दिया है, उसे हमें नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कारगिल विशेष परिस्थितियों में हुआ युद्ध था। पाकिस्तान ने पहले से युद्ध की घोषणा नहीं की थी, बल्कि उसकी सेना ने भारतीय सीमाओं में घुसपैठ की थी और रणनीतिक रूप से लाभप्रद स्थिति में थी। जेपी नड्डा ने कहा हमारे सैनिकों को दुश्मन से लड़ने के लिए पहाड़ की चोटी पर चढ़ना पड़ा, फिर भी वे डरे नहीं और दुश्मनों को हराकर तिरंगा फहराया! उन्होंने कहा कि आपको यह जानकर खुशी भी होगी और आश्चर्य भी होगा कि जब कारगिल का युद्ध चल रहा था तो हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी उस समय उत्तर भारत के भाजपा के बतौर महामंत्री प्रभारी भी थे।

# स्कूल-कॉलेजों के पास असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**भोपाल ( हिनप्र )।** ब्लॉक कांग्रेस ने तीन सूत्रीय ज्ञापन सहायक पुलिस आयुक्त को सौंपा, ज्ञापन में असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई, हाथ ठेलों से पैदा हो रही जाम की समस्या और जुआ, सट्टा एवं शराबखोरी की समस्याओं को उठाया गया। ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारण के नेतृत्व में एसीपी अनिल शुक्ला को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि शासकीय कन्या शाला एवं स्कूल-कालेजों के आसपास मोटर साइकिलों पर पर मनचले मंडराते रहते हैं, जो छात्राओं के साथ छेड़खानी करते हैं। ऐसे तत्वों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। छुट्टी के समय पुलिस निगरानी की मांग एसीपी से की गई। ज्ञापन में कहा गया कि संतनगर में बीआरटीएस हटने के बाद ठेला एवं चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों की वजह से यातायात में काफी परेशानी हो रही है। चंचल रोड पर तो स्थिति बेहद खराब है। ठेला वालों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संतनगर के सार्वजनिक स्थलों पर सब्जी मण्डी, दशहरा मैदान के आसपास, मछली मार्केट एवं संत नगर के अन्य स्थानों पर जुआ सट्टा हो रहा है। नशेड़ी गाजा एवं शराब का सेवन कर रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता त्रिलोक दीपानी, माधू चांदवानी, कमलेश देवानी, जगदीश सांवले शामिल थे।



तमिल संगम भोपाल द्वारा सामाजिक कार्य के अंतर्गत बीएचईएल भोपाल कारखाने में तमिल समाज के कार्यरत कर्मचारी के सेवानिवृत होने पर संस्था द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया जाता है इसी क्रम में समाज के वी.राजेश उप महाप्रबंधक को सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें समाज के आशीष औरंगाबादकर महाप्रबंधक बीएचईएल, एस चंद्रशेखर पूर्व महाप्रबंधक बीएचईएल एवं अध्यक्ष तमिल संगम, जे राजगोपाल अपर महाप्रबंधक बीएचईएल, के विश्वनाथन, रामलिंगम, सुब्रमण्यम, जयशंकर, अमल राज, गणेश मूर्ति, गोविंद स्वामी, मुनियन, कोडी पिल्लई, मायावन, चंद्रशेखर, आनंद, पेरियसामी नागराजन, पलानी, सुब्रमण्यम, थंगादुराई, विजय कुमार, परम शिवम उपस्थित हुए।


## पश्चिम मध्य रेल

**खुली ई-निविदा सूचना, दिनांक 24.07.2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15.30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये कोई मैनुअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि ज़रुरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानून 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाएं प्रस्तुत करें। **(1) निविदा सूचना संख्या:** 24-25-HQ-09-39 **दिनांक:** 12.07.2024 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** रानी कमलापति - हबीबगंज में स्थित पम्प हाऊस नंबर 1 के विस्तार तथा पम्प हाऊस नंबर 6 के पाईपलाईन के रिप्लेसमेंट का कार्य। **निविदा की अनुमानित लागत:** ₹ 737374/- **बयाना राशि:** ₹ 14800/- **समापन अवधि:** 6 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 05.08.2024 **(2) निविदा सूचना संख्या:** 24-25-C-10-40 **दिनांक:** 13.07.2024 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** भोपाल मंडल- 105 नंबर इलेक्ट्रॉनिक टाईप ट्रैक माउंटेड ऑटोमैटिक गेज फेस लुब्रिकेटर्स का प्रावधान। **निविदा की अनुमानित लागत:** ₹ 105998382/- **बयाना राशि:** ₹ 680000/- **समापन अवधि:** 60 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 06.08.2024 **(3) निविदा सूचना संख्या:** 24-25-C-11-42 **दिनांक:** 23.07.2024 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सहायक मंडल अभियंता/विदिशा के सेक्शन में भोपाल-बीना खंड पर स्थित एलसी 270, किमी 889/1ए-3ए, एलसी 287 किमी 926, तथा एलसी नंबर 288 किमी 928/25-27, एलसी नंबर 289 तथा 290 के पास स्थित एलएचएस/आरयुबी से मानसून के दौरान संचित हुए पानी के निर्जलीकरण का कार्य। **निविदा की अनुमानित लागत:** ₹ 747520/- **बयाना राशि:** ₹ 15000/- **समापन अवधि:** 8 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 14.08.2024

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), प.म.रे, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती मनेगी

**भोपाल ( हिनप्र )।** देश 26 जुलाई को कारगिल विजय की रजत जयंती मनाएगा। पूर्व बेला में गुरूवार को दीपमाला पागारानी संस्कार स्कूल में हजारों बच्चों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुशील कुमार करेरे (Sushil Kumar Karere) पुत्र स्व. श्री वंशीलाल करेरे, निवासी- मकान नंबर-01, शर्मा कॉलोनी, शाहजहांनाबाद, भोपाल (म.प्र.) यह कि मुझे मैं सुशील कुमार करेरे (Sushil Kumar Karere) (जन्म तिथि 20/05/1971) पुत्र स्व. श्री वंशीलाल करेरे (Banshilal Karere) के नाम से जाना पहचाना जाता हूँ और समस्त शासकीय दस्तावेजों में मेरा यही नाम दर्ज है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे। 1313

**कार्यालय प्रशासक न्यू राजधानी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

(पंजीयन क्रमांक/डी.आर.बी. 594, दिनांक 17.06.1994)

क्रमांक/निर्वा./2024/02

दिनांक: 25.07.2024

**निर्वाचन आमसभा की सूचना**

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन बाबत निर्वाचन आमसभा दिनांक 08.08.2024, दिन गुरूवार को प्रातः 11.30 बजे से स्थान 25 ऐशबाग रोड, बरखेड़ी, भोपाल पर आयोजित की गई है। रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती मीरा देवी द्वारा दिनांक 1/8/2024 को दोपहर 12 से 02 बजे तक नामांकन पत्र लिये जायेंगे दिनांक 2/8/2024 को दोपहर 02 से नियोजन पत्रों की जांच की जावेगी, दिनांक 03/08/2024 को दोपहर 12 से 02 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। उपरोक्त समस्त कार्यक्रम स्थान कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता, डी-ब्लाक, पुराना सचिवालय, जिला-भोपाल पर सम्पन्न होंगे, तत्पश्चात सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जावेगा। आमसभा की सूचना के साथ निर्वाचन अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम की सूचना सदस्यों को पृथक से स्पीड पोस्ट-साधारण डाक द्वारा भेजी गई है।

**अलका तिग्गा, प्रशासक न्यू राजधानी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

1307

**न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल**

**(पुराना जिला पंचायत भवन, जिला भोपाल)**

**राजस्व प्रक. क्र. 0589/अ-6/24-25**

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मेसर्स भोपाल विल्डकान द्वारा लखविन्दर सिंह निवासी मालवीय नगर भोपाल द्वारा ग्राम पीपलनेर तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 110/2/1 रकबा 0.445 हेक्टर (हेक्टेयर/ एकड़/ वर्गमीटर/ वर्गफिट भूमि का नामांतरण/ बंटवारा/ बटान सीमांकन किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किए जाने पर यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25.7.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार एम.पी. नगर वृत्त भोपाल**

1308

**कार्यालय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, मनकवाड़ा, जिला रायसेन**

(पंजीयन क्रमांक 441, दिनांक 29.12.1988)

क्रमांक/निर्वा./2024/क्यू

दिनांक: 25.07.2024

**निर्वाचन आमसभा की सूचना**

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन बाबत् विशेष साधारण सम्मेलन दिनांक 8.8.2024 दिन - गुरूवार को प्रातः - 08.30 बजे से स्थानः संस्था कार्यालय, मनकवाड़ा, जिला रायसेन पर आयोजित की गई हैं। रिटर्निंग अधिकारी श्री विनय सिंह, सहकारी निरीक्षक द्वारा दिनांक 1.8.2024 को समय दोपहर 12 से 2 बजे तक नामांकन पत्र लिये जावेगे, दिनांक 2.8.2024 को समय दोपहर 02.00 बजे से नियोजन पत्रों की जांच की जाएगी एवं दिनांक 03.08.2024 समय दोपहर 12.00 से 02.00 बजे तक नामांकन पत्रों की वापसी स्थान- संस्था कार्यालय, मनकवाड़ा, जिला रायसेन पर की जा सकेगी। तत्पश्चात उम्मीदवारों की सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन रिटर्निंग अधिकारी विनय सिंह, सहकारी निरीक्षक द्वारा किया जावेगा। विशेष साधारण सभा की सूचना के साथ रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम सदस्यों को पृथक से साधारण डाक द्वारा भेजा गया है।

**प्रबंधक, प्रशासक प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, मनकवाड़ा, जिला रायसेन**

1309

**CHANGE OF NAME**

IN MY OLD PASSPORT, MY FATHER'S NAME IS ANIL KUMAR DANDWANI WHEREAS, IN ALL MY EDUCATIONAL DOCUMENTS, ID AND ADDRESS PROOFS, MY FATHER'S NAME IS ANIL DANDWANI. HENCE, IN MY CURRENT PASSPORT, MY FATHER'S NAME SHOULD BE MENTIONED AS PALAK DANDWANI D/O ANIL DANDWANI R/O H.NO.11, STATE BANK COLONY, IDGAH HILLS, BHOPAL (M.P.)

1312

**सूचना**

मेरा पूर्व में नाम FAHAD HASAN था जो कि मेरे पूर्व पासपोर्ट पर दर्ज है अब सभी वर्तमान दस्तावेजों में मेरा पूरा सही नाम SYED FAHAD HASAN पुत्र SYED MEHMOOD HASAN निवासी म.नं. 03, साजिदा मंजिल, नीम रोड जिंसी जहांगीराबाद भोपाल (मध्य प्रदेश) हो गया है अब मुझे इसी नाम SYED FAHAD HASAN से जाना वह पहचान जाए।

1311